LeadIT का दूसरा चरण

[स्रोत: पी.आई.बी.](#)

हाल ही में संयुक्त अरब अमीरात में पार्टियों के सम्मेलन (COP 28) में भारत और स्वीडन द्वारा आयोजित **लीडरशिप ग्रुप फॉर इंडस्ट्री ट्रांज़िशन (LeadIT) शिखर सम्मेलन 2023** में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने **LeadIT (2.0)** के दूसरे चरण के **तीन स्तंभों** की घोषणा की।

उद्योग संक्रमण के लिये नेतृत्व समूह (LeadIT) क्या है?

- **परिचय:**
  - LeadIT एक वैश्विक पहल है जिसका उद्देश्य इस्पात, सीमेंट, रसायन, विमानन तथा पोत परिवहन जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों को**कम कार्बन वाले मार्गों** पर स्थानांतरित करने में तेज़ी लाना है।
  - यह उन देशों तथा कंपनियों को संगठित करता है जो पेरिस समझौते को हासिल करने के लिये कार्रवाई के लिये प्रतिबद्ध हैं।
  - इसे वर्ष **2019** में आयोजित **संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन** में स्वीडन व भारत की सरकारों द्वारा लॉन्च किया गया था एवं विश्व आर्थिक मंच द्वारा समर्थित है।
  - LeadIT सचिवालय नेतृत्व समूह के कार्य के प्रबंधन के लिये उत्तरदायी है।
- **सदस्य देश:**
  - LeadIT में **38 सदस्य** देश और कंपनियाँ शामिल हैं। विशेष रूप से **भारत इसका एक सक्रिय भागीदार** है।
  - LeadIT के सदस्य इस धारणा का समर्थन करते हैं कि **वर्ष 2050 तक** ऊर्जा-गहन उद्योगों में निम्न-कार्बन उत्सर्जन के उपायों को अपनाकर शुद्ध-शून्य कार्बन उत्सर्जन **प्राप्त करने के लक्ष्यों** की पूर्ति की जा सकती है।

LeadIT के दूसरे चरण की मुख्य विशेषताएँ क्या हैं?

- **मिशन**
  - सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से समावेशी उद्योग परिवर्तन का समर्थन करने वाली नीतियों तथा विनियमों के निर्माण की सुविधा प्रदान करना। वर्ष 2050 तक शुद्ध-शून्य उद्योग उत्सर्जन प्राप्त करने के लिये संसाधन जुटाना, ज्ञान-साझाकरण का समर्थन करना एवं इसमें तेज़ी लाना।
- **LeadIT स्तंभ:**
  - **न्यायसंगत उद्योग परिवर्तन के लिये वैश्विक मंच:**
    - सरकारों और उद्योग के बीच निरंतर संवाद और जुड़ाव सुनिश्चित करना।
    - यह स्तंभ बहुपक्षीय समूहों (उदाहरण के लिये **संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई**, जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) **COP** प्रेसीडेंसी) के साथ LeadIT की भागीदारी को बनाए रखने, सदस्यों के बीच ज्ञान साझा करने की सुविधा प्रदान करने तथा संक्रमण की गति की निगरानी करने के लिये समर्पित है।
  - **प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सह-विकास:**
    - यह स्तंभ बिज़नेस-टू-बिज़नेस प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा और नवाचार हेतु राष्ट्रीय संस्थागत क्षमता के निर्माण के लिये समर्पित है।
  - **उद्योग परिवर्तन भागीदारी:**
    - LeadIT सचिवालय सदस्यों को उद्योग परिवर्तन भागीदारी में साझेदार बनने, उभरते बाज़ारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं को हरित औद्योगिक बदलाव की दिशा में समर्थन देने में सहायता करता है।
      - इन साझेदारियों की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिये तकनीकी और वित्तीय अंतर्राष्ट्रीय सहायता का मानचित्रण, समन्वय तथा सुदृढ़ीकरण करना शामिल है।
    - इसका अंतिम लक्ष्य विश्वसनीय निम्न-कार्बन औद्योगिक परियोजनाओं की पाइपलाइन के लिये सक्षम स्थितियाँ सुनिश्चित करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/second-phase-of-leadit